हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 20 अक्टूबर 2024

04 खेतों से लेकर मंडी तक किसान हैरानः पहले बारिश...

07 अभाविप का आरोप, कॉलेज में पानी की टंकियों में तैर...




## किराए के मकान में संचालित हो रहा था कारखाना, अज्ञात कारणों से लगी आग

# नमकीन कारखाने में भीषण आग लगी, 50 लाख का नुकसान, तीन दमकलों ने पाया आग पर काबू

शनिवार की सुबह देवनगर कॉलोनी स्थित एक नमकीन कारखाने से धुआं उठते लोगों ने देखा था। इसके बाद नमकीन कारखाने के ऊपर निवास करने वाले देवनारायण को इसकी सूचना लोगों ने दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के देवनगर कॉलोनी में शनिवार सुबह एक नमकीन कारखाने मे भीषण आग लग गई। आगजनी में नमकीन कारखाने के साथ एक किराना दुकान भी जलकर राख हो गई। आगजनी में दूसरी मंजिल पर निवास करने वाले लोगों ने भी घर से निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची तीन फायर ब्रिगेड के फायरमैनों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। आगजनी में करीब 50 लाख का नुकसान बताया जा रहा है।


जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह देवनगर कॉलोनी स्थित एक नमकीन कारखाने से धुआं उठते लोगों ने देखा था। इसके बाद नमकीन कारखाने के ऊपर निवास करने वाले देवनारायण को इसकी सूचना लोगों ने दी। जिन्होंने नमकीन कारखाने के मालिक राकेश राय और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इधर, आग ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। फायर ब्रिगेड पहुंचने से पहले लोगों ने अपने-अपने तरीके से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। फायर ब्रिगेड के सूचना पर पहुंचने पर लगातार तीन फायर दमकलों के एक के बाद एक पहुंचने पर आग पर बमुश्किल काबू पाया सका। आगजनी में नमकीन कारखाने के पास बनी एक किराना दुकान भी जलकर राख हो गई। वहीं दूसरी मंजिल पर निवास करने वाले मकान मालिक देवनारायण के परिवार के लोगों ने मकान से निकल कर अपनी जान बचाई। आगजनी की सूचना पर पटवारी और तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी ली। वहीं सूचना पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।





### फायर ब्रिगेड समय पर पहुंचती तो बच सकती थी आगजनी की बड़ी घटना

नमकीन कारखाने के मालिक राकेश राय ने बताया आग लगने से 50 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हो गया। कारखाने में दीपावली की तैयारी को लेकर कच्चा माल के अलावा तैयार माल भी रखा हुआ था। आगजनी में उनका काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे तक कारखाने में काम होता रहा था। सुबह अचानक पांच बजे मकान मालिक देवनारायण का फोन आया कि कारखाने में आग लग गई। इसकी सूचना भी फायर ब्रिगेड को दी गई थी, लेकिन फायर ब्रिगेड सूचना के करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची। समय पर फायर ब्रिगेड पहुंच जाती तो आगजनी का बड़ी घटना टल सकती थी। आग संभवतः शार्ट सर्किट से लगी होगी।





### रहवासी इलाके में कैसे चल रहा था कारखाना जांच का विषय

रहवासी इलाके देवनगर कॉलोनी में इतने बड़े कारखाने का चलना जांच का विषय है। आखिर रहवासी इलाके में बड़ा कारखाना कैसे चल रहा है। कारखाना चलाने की किसने अनुमति दी गई और वहीं फूड डिपार्टमेंट की टीम ने इसे क्यों अनदेखा किया गया। यह सब जांच के बाद पता लगेगा।

## खबर संक्षेप

### चौथी राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता आज

**सीहोर।** शहर सहित आसपास के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच देने और उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए लंबे समय से मास्टर आफ ताओ कराते एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय, नेशनल आदि कराते प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अब रविवार को एक दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन शहर के इंदौर नाके स्थित बजरंग कालोनी में किया जाएगा। इस मौके पर सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह के मुख्य आतिथ्य में प्रदेशभर के करीब 200 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के कोच लखन लखन ठाकुर, श्रीमती विमला ठाकुर के अलावा एक दर्जन से अधिक विभिन्न जिलों के कोच आदि उपस्थित रहेंगे। शनिवार को यहां पर जारी सात दिवसीय कराटे कैंप का समापन किया गया था। मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि एसोसिएशन के तत्वाधान में लगातार चौथी बार राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रविवार से आरंभ होने वाली इस प्रतियोगिता में सीहोर जिले के अलावा उज्जैन, देवास, हरदा, रीवा, जबलपुर, टिमरनी, राजधानी भोपाल आदि के करीब 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल रहेंगे। प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए कोच लखन ठाकुर के नेतृत्व में करीब 35 सीहोर के खिलाडिय़ों ने सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वहीं गत वर्ष 2021 में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सीहोर के खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए करीब 25 पदक हासिल किए थे, इस साल भी करीब 35 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

### आष्टा के बापचा में झाड़ियों में मिली नवजात, स्कूल के पीछे पड़ी थी, गर्भनाल भी नहीं कटी

**सीहोर।** आष्टा क्षेत्र के ग्राम बापचा बरामद में झाड़ियों से एक नवजात बच्ची मिली है। नवजात एक स्कूल के पीछे झाड़ियों में पड़ी थी। उसके रोने पर स्कूल स्टाफ को आवाज सुनाई दी तो पुलिस और 108 को सूचना दी गई। इसके बाद दल ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को आष्टा के सरकारी अस्पताल भेजा गया था। यहां बच्ची को आईसीयू रखा गया था। लेकिन हालत में सुधार होता न देख उसे सीहोर भेज दिया है। मामला शनिवार दोपहर करीब 2 बजे सामने आया। गांव की टांडापुरा कॉलोनी में एक प्राइवेट स्कूल के पीछे किसी ने पॉलीथिन में लपेट कर नवजात को फेंक दिया था। स्कूल के प्राचार्य राजदीप सिंह ने बताया कि उनके स्टाफ में से किसी को बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी थी। उन्होंने हमें बताया तो सभी लोगों ने पीछे जाकर देखा। वहां पर एक नवजात पॉलिथीन में लिपटी पड़ी थी। लोगों ने डायल 100 और 108 को इसकी सूचना दी। मौके पर पुलिस स्टाफ और एम्बुलेंस से स्वास्थ्य विभाग प्रभारी पहुंचे। उन्होंने बच्ची को देखकर आष्टा अस्पताल भेजा। आष्टा के बाद बच्ची को सीहोर के जिला अस्पताल भेजा गया है।

**सीहोर अस्पताल रेफर किया:** जहां बच्ची पड़ी हुई थी वहां पर पहुंची आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा महेश्वरी ने बताया कि बच्ची की हालत देखकर कर लगता है कि उसका जन्म शनिवार को ही हुआ है। बच्ची के शरीर से गर्भनाल भी नहीं काटी गई थी। सूचना मिलते ही सिद्धिगंज थाने की पुलिस स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंची। उसने पहले उसे आष्टा अस्पताल भेजा वहां से उसे सीहोर अस्पताल रेफर किया गया है। आष्टा के सिविल अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। बच्ची कई घंटों से खुले में पड़ी थी इससे उसकी हालत नाजुक हो गई थी। डॉक्टर ने बताया कि अभी बच्ची की मॉनिटरिंग के लिए आईसीयू में उसे रखा गया है। सिद्धिगंज थाना के एसएसआई मधे सिंह ने बताया कि बच्ची की हालत देखकर लगता है उसे शनिवार सुबह ही झाड़ियों में फेंका है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच करके हम आरोपियों पर कार्रवाई करेंगे।

### सोयाबीन खराब हुआ, बीमा दे सरकार और किसानों को उपलब्ध कराएं खाद : राजीव गुजराती



सीहोर। कांग्रेस कमेटी जिला सीहोर के जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए बताया कि हमारे कृषि प्रधान देश में अन्नदाताओं के हाल बेहाल हैं। हाल ही में अतिवृष्टि के कारण किसानों का सोयाबीन खेत में ही गल कर खराब हो गया, परन्तु भाजपा सरकार द्वारा न तो सर्वे कराया गया और न ही मुआवजा, बीमा दिया गया। आखिरकार किसानों ने थकहार कर सोयाबीन की खराब हुई फसल को 400 से 500 रूपये की दर से कटवाकर अब गेहूं की फसल के लिए खेत की हकाई की तैयारी करने को मजबूर है। किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 रूपये प्रति क्विटंल की मांग भाजपा सरकार से की। सरकार ने सोयाबीन के भाव तो नही बढ़ाये परन्तु सोयाबीन के तेल के भाव अवश्य बढ़ा दिये। अब जब किसानों को गेहूं की बुआई के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज की आवश्यकता है भाजपा सरकार बीज भी उपलब्ध कराने में असमर्थ है। वहीं पर्याप्त मात्रा में खाद भी उपलब्ध नही कराया जा रहा है। किसान रात-रात भर जागकर लम्बी कतारों में खाद का इंतजार कर रहे हैं। किसानों को नगद खाद खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। खुलेआम खाद की कालाबाजारी हो रही है। आज किसान भाईयों के हालात बद से बदतर हो गये हैं। किसान कर्ज के दल-दल में धसता चला जा रहा है। कांग्रेस पार्टी किसान भाईयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन करेगी।

## चुनाव प्रचार पर रखी जा रही कड़ी नजर, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की निगरानी कर रहे 12 से अधिक कर्मचारी

**सीहोर।** बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन की घोषणा के साथ ही मीडिया मॉनिटरिंग सेल ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान आचार संहिता के नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेड और फेक न्यूज़ की सतत निगरानी के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 101 में पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने जानकारी दी कि 24 घंटे पेड न्यूज़ की मॉनिटरिंग के लिए तीन पालियों में 12 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान यदि प्रचार-प्रसार में आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन किया गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि बिना अनुमति के विज्ञापनों का प्रकाशन एवं प्रसारण नहीं किया जा सकेगा। चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों को प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर विज्ञापन जारी करने के पहले जिला स्तरीय एमसीएमसी से अनुमति लेना होगा। एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज की निगरानी कर सत्यापन करते हुए व्यय लेखा समिति को जानकारी प्रस्तुत करेंगी।

**तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के पालन के तहत पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल में तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जो कि पेड और



फेक खबरों की सतत निगरानी कर रहे हैं। आचार संहिता एवं सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार से आयोग के दिशा निर्देशों का उल्लंघन होने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कर्मचारियों से कहा गया है कि मीडिया की निरंतर निगरानी करें और किसी भी प्रकार की पेड न्यूज़, भ्रामक, तथ्यहीन खबरों एवं आचार संहिता के उल्लंघन की खबरों पर तुरंत संज्ञान लेने के निर्देश दिए गए हैं।

**पेड न्यूज का खर्च अभ्यर्थी के व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत एमसीएमसी पेड न्यूज के मामलों में रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से अभ्यर्थी को नोटिस प्रदान किया जाएगा। नोटिस का उत्तर निर्धारित समय के भीतर उत्तर संतोषजनक होने पर पेड न्यूज का प्रकरण निराकृत माना जाएगा। अभ्यर्थी का जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर तथा जांच करने पर सही पाए जाने पर पेड न्यूज का खर्च उनके व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।



खबर संक्षेप



### इंदौर-भोपाल हाईवे पर कंटेनर ट्रक पलटा

**सीहोर।** जिले में इंदौर-भोपाल हाईवे पर कंटेनर पलट गया। दुर्घटना में वाहन आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में हुआ। कंटेनर में सवार ड्राइवर बाल-बाल बचा, वह सुरक्षित है। शनिवार सुबह कंटेनर को हाइड्रोलिक की मदद से निकाला गया। घटना शुक्रवार सुबह के समय की है। ग्राम खोकरी से आगे उतपुरा जोड़ के पास इंदौर-भोपाल हाईवे रोड पर एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। कंटेनर इंदौर से भोपाल की ओर जा रहा था। तभी उतपुरा जोड़ पर अचानक वाहन ने कट मार दिया। उस वाहन को बचाने की वजह से कंटेनर सड़क से नीचे हो गया और वह सड़क के नीचे ही जा गिरा। स्थानी लोगों और ड्राइवर ने बताया कि सुबह के समय कंटेनर इंदौर से भोपाल तरफ जा रहा था। उसमें सीमेंट भरा हुआ था। घटना में अनियंत्रित होकर पलटी खाकर गिरा कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गया।

### सोयाबीन, मक्का की फसल की बंपर आवक होने से किसानों को नहीं मिल रहा उचित दाम

# खेतों से लेकर मंडी तक किसान हैरानः पहले बारिश ने किया तो अब व्यापारियों से हो रहे किसान परेशान

भैरूंदा की कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की नई फसल व मक्का फसल की बिक्री के लिए बंपर आवक आ रही है, लेकिन किसानों को अपनी फसल का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की नई फसल व मक्का फसल की बिक्री के लिए बंपर आवक आ रही है, लेकिन किसानों को अपनी फसल का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। जबकि आसपास की सीहोर व आष्टा मंडियों में इछावर मंडी की अपेक्षा ज्यादा दामों में किसानों की फसलें बिक रही है, जिसका खामियाजा क्षेत्र के अन्नादाता को भुगतना पड़ रहा है।

विगत दो वर्षों से किसान की सोयाबीन फसल की आवक कम हुई है इस वर्ष भी अधिक बारिश होने से सोयाबीन, मक्का, की फसल खराब हो चुकी है। जैसे तैसे कर किसानों ने फसल की कटाई कर मण्डी में लेकर आया लेकिन यहां भी उचित मूल्य नहीं मिल पाया जिससे किसान परेशान हैं और और ऊपर से व्यापारियों का फसलों पर उचित दाम न दे पाना कहीं न कहीं किसानों के लिए एक और चिंता का विषय है। किसानों का कहना है कि व्यापारी द्वारा फसलों का कम मूल्य दिया जा रहा है जिसकी सूचना हमारे द्वारा निरंतर मंडी सचिव को भी की जा रही है, लेकिन मंडी बोर्ड के कर्मचारी व अधिकारियों तथा स्थानीय व्यापारियों में काफी अच्छा तालमेल होने के कारण हमें हमारी फसलों के उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं।



#### समर्थन मूल्य से कम पर व्यापारी खरीद रहे फसल

मंडी के व्यापारियों द्वारा समर्थन मूल्य से भी कम पर किसानों की उपज खरीदी जा रही है सरकार द्वारा मक्का व सोयाबीन का समर्थन मूल्य सोयाबीन का एमएसपी 4,892 रुपये प्रति क्विंटल है। मक्के का एमएसपी 2,225 रुपये प्रति क्विंटल है. रुपये निर्धारित किया गया है। जबकि व्यापारियों द्वारा किसानों से मक्का की उपज 1000 रुपये से 1700 तक की खरीदी जा रही है, तो वही सोयाबीन की फसल भी मंडी के व्यापारियों द्वारा 3200से लेकर 4200 तक की गुणवत्ता अनुसार खरीदी जा रही है। किसान असफाक खान ने बताया कि सुबह 8 बजे से अपनी फसल को लेकर आया हूं व्यापारीयों द्वारा नीलामी शुरू कर नीलम उनकी सोयाबीन की फसल को 4070 रूपए मैं व्यापारी ने खरीदी जो की समर्थन मूल्य से बहुत कम दाम मै खरीदी गई जिससे लागत भी नही निकल पा रही है। अगली फ़सल की बुआई करने के लिए कर्ज लेकर बीज करीदना पड़ेगा।

व्यापारियों द्वारा फसलो का ज्यादा ही कम दाम दिये जा रहे हैं ज्यादातर व्यापारी आपस में गठजोड़ कर लेते हैं जिस वजह से कोई भी व्यापारी किसानों को एक निश्चित सीमा से ज्यादा फसल का दाम नहीं दे पाता है।

#### व्यापारी की दुकान से किया जाएगा भुगतान

किसान नितुल पंवार ने कहा कि मण्डी सचिव ने सभी व्यापारीयों के द्वारा जो फ़सल खरीदी उनको मण्डी प्रांगण में ही रखे मण्डी प्रांगण से बहार नहीं ले कर जा सकते हैं हैं तथाकिसानो का भुगतान भी यही व्यापारी की दुकान से किया जाए अब व्यापारी द्वारा खरीदी गई फ़सल इधर उधर रखी गई है जिससे किसानों को काफी परेशानी हो रही है वाहनों को लेकर जाम की स्थति बनी हुई हैं। व्यवस्था को लेकर मण्डी सचिव को अवगत कराया गया था। लेकिन अभी तक व्यव्था मैं किसी भी प्रकार का सुधार नहीं हुआ है। मण्डी प्रांगण में कम जगह होने से किसान परेशान हो रहा है



# अवैध खनन का आरोप लगाकर कलेक्टर को दिया आवेदन

### ग्रामीणों ने कहा, सांठगांठ से ठेकेदार ने ली खदान की परमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

समीपस्थ ग्राम सामरी में नलखेडा छापीहेड़ा रोड का चौडीकरण का कार्य किया जाना है साथ-साथ नवनिर्माण भी होगा। संबंधित निर्माण ठेकेदार को ग्राम सामरी के समीप खदान के लिए जो जमीन आवंटित की गई है। जिला प्रशासन स्तर पर खदान की मंजूरी करवाने के लिए जो दस्तावेज पेश किए गए हैं, वह गांव से मात्र केवल 200 फीट दूरी पर ही स्थित है।

इसी से आहत होकर ग्राम सामरी के ग्रामीण रामप्रसाद, राधेश्याम, रामसिंह, काशीराम, कालूसिंह, बहादुरसिंह, रामचरण आदि ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को जिला कलेक्टर को एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्रामीणो ने साथ ही खनिज विभाग आगर, एसडीएम कार्यालय सुसनेर एवं नलखेड़ा तहसीलदार को भी आवेदन दिए हैं। ग्रामीणों ने दिए गए आवेदन में दर्शाया गया कि वर्तमान समय में नलखेड़ा से छापीहेड़ा रोड का नव निर्माण चौड़ीकरण होगा जिसमें अधिक मात्रा में मुरम बोल्डर की आवश्यकता होगी जिसकी खुदाई ग्राम सामरी से मात्र 200 फीट की दूरी पर खोदी जावेगी जिसके कारण गांव का विकास भी बाधित होगा और अधिक गहराई होने के कारण गांव में बच्चे एवं जानवरों के गिरने का डर बना रहेगा। एवं जिस स्थान पर खुदाई कार्य होगा उसके समीप ही प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र भी मौजूद हैं जहां स्कूली बच्चे उसी स्थान पर खेलने के लिए भी जाते हैं, यहां पर कभी भी अनहोनी की घटना निर्मित हो सकती हैं। आवेदन में आगे दर्शाया गया कि ग्राम सामरी की अधिकांश भूमि कुंडलिया डैम में डूब चुकी है, और इसी स्थान पर समस्त ग्राम वासियों के गाय,मवेशी चरने भी जाते हैं।



साथ ही जिस भूमि को मुरम खदान के लिए आवंटित किया गया है वह गोचर भूमि है इसलिए यहां पर खनन करना अवैध होगा ,गांव की गोचर भूमि जो राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में भी मौजूद हैं ऐसी जगह पर कभी भी खदान नहीं खोदी जा सकती। जहां खदान खोदी जाएगी उसका सर्वे नंबर 196/1/3 का क्षेत्रफल 5.904 हेक्टेयर बडी गोचर भूमि है,जो गांव के समीप स्थित है, ग्रामीणो ने खदान को गोचर भूमि को छोड़कर पर्यावरण के नियमानुसार ग्रामीण जनों को नुकसान न हो इसलिए गांव से आधा किलोमीटर दूर खोदने की अनुमति का आदेश जारी करने अनुरोध किया।

### 8 माह से बाजार में छाई मंदी, व्यापारियों ने किया त्योहारी माल का स्टॉक

**भैरूंदा।** दीपावली कात्योहार नजदीक आ चुका हैं, लेकिन मंदी की धुंध अभी तक नहीं छट सकी है। व्यापारियों ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं और उनके द्वारात्योहार को देखते हुए माल का स्टॉक भी कर लिया हैं। ग्राहकी न होने की स्थिति में बाजार में कई दुकानदारों के द्वारा सुनहरे ऑफर भी दिए जा रहे हैं, बावजूद इसके बाजार में ग्राहकी का रस ना के बराबर हैं। आज करवा चतुर्थी कात्योहार मनाया जाएगा, लेकिन बाजार में महिलाओं की ग्राहकी भी कम ही देखने को मिल रही हैं। करवा चतुर्थी के मौके पर सबसे अधिक व्यापार साड़ियों व सराफा दुकानों पर होता हैं, लेकिन अपेक्षित ग्राहकी का आभाव बना हुआ हैं। इसके पीछे बड़ा कारण खेतों में चल रही खरीफ फसल की कटाई हैं। किसानों के खेतों में व्यस्त होने से बाजार में उसकी आमद नहीं हो पा रही हैं। जिससे बाजार में बूम अभी तक नहीं आ पाया हैं।

माना जा रहा है कि आगामी एक सप्ताह में किसान फसल कटाई से निवृत्त हो सकता हैं, उसके बाद भी बाजार में त्यौहारी रौनक लौट सकेगी। हालांकि अभी भी मौसम बेरूख होने से किसान चिंतित नजर आ रहा हैं और लगातार बरसात का क्रम जारी रहने से वह समय पर फसल की कटाई नहीं कर पा रहा हैं। जिसका सीधा असर नगर के व्यापार पर देखने को मिल रहा हैं। उल्लेखनीय हैं कि कल करवा चतुर्थी केत्योहार के साथ ही 29 अक्टूबर से पांच दिवसीय दीपोत्सव कात्योहार भी शुरु हो जाएगा। दीपोत्सवत्योहार को महज 10 दिन का समय शेष बचा हैं। इन विशेष दिनों में बाजार में रह सकती है खरीददारों की भीड़ 20 से 31 अक्टूबर तक कुल पांच मुहूर्त ऐसे है जिनमें बाजार में ग्राहकी की उम्मीद है। इनमें करवा चतुर्थी, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस, रूप चौदस व दीपोत्सव का त्योहार शामिल हैं। इन पांच विशेष मुहूर्त में ग्राहकों के द्वारा बाजार से विशेष रूप से खरीदारी की जाती है। करवा चतुर्थी करवा चतुर्थी का त्योहार 20 अक्टूबर को हैं। यह महिलाओं का विशेष त्योहार हैं, इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत करती है। यह दिन महिलाओं का खास दिन है। इस दिन ब्यूटी पार्लर, सराफा, कपड़ा, रेडिमेट, जनरल स्टोर्स सहित बाजार में महिलाओं की भीड़ देखने को मिलेगी। महिलाओं के लिए पुरुषों के द्वारा खास तोहफा देने के लिए खरीदारी की जाती है। पुष्य नक्षत्र गुरुवार 24-25 अक्टूबर को गुरु पुष्य नक्षत्र के मौके पर बाजार में जमकर खरीदी होने की संभावना हैं। दीपावली से 7 दिन पूर्व इस विशेष मुहूर्त में खरीदारी की जाती है। इस दिन पुष्य नक्षत्र 11 बजकर 45 मिनट से शुरु होकर अगले दिन 25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 31 मिनट तक रहेगा। धन तेरस 29 अक्टूबर को धनतेरस का त्योहार मनाया जाएगा।




इस दिन बर्तनों के साथ ही सोने-चांदी की खरीदी विशेष रूप से की जाती है। यह भगवान कुबेर का दिन है। इस लिए सोने चांदी की खरीदी का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन शुभ मुहुर्त में इलेक्ट्रानिक सहित अन्य वस्तुओं की खरीदी की जाती है। रूप चौदस 30 अक्टूबर को रूप चौदस कात्योहार है। यह त्योहार विशेष रूप से महिलाओं के सजने और संवरने का है। इसके साथ ही इस दिन को छोटी दीपावली भी कहा जाता हैं। कई घरों में इस दिन से दीपक पूजा की शुरुआत होती हैं। साथ ही इस दिन बाजार में घरों को सजाने के लिए ग्राहको की भीड़ बनी रहती है। दीपावली महालक्ष्मी की पूजा 31 अक्टूबर को संपन्न होंगी। 31 अक्टूबर देर शाम को अमावस्या का त्योहार लगने से रात्रि में पूजा अर्चना सम्पन्न होगी तो दूसरे दिन सुबह से दोपहर 12 बजे तक नर्मदा स्नान के लिए नर्मदा घाटों पर पहुंचेंगे।

# ईवीएम-वीवीपैट का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन

### बुधनी विस के 363 मतदान केन्द्रों के लिए 435 बीयू,सीयू और 471 वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कंप्यूटरीकृत प्रणाली से ईवीएम व वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। रेंडमाइजेशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया राजनैतिक दालों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी की गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन किया जाता है। इस दौरान राजनैतिक दालों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए डेमो प्रदर्शित किया गया।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि बुधनी विधानसभा के 363 मतदान केन्द्रों के लिए 435 बीयू, सीयू तथा 471 वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन की संपूर्ण प्रक्रिया एनआईसी के जिला सूचना अधिकारी अनिल परमार द्वारा संपन्न की गई। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के राजकुमार गुप्ता, महेश कुमार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के केके रिछारिया, बीएसपी के नरसिंह भारती सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**सैनिकों और वीरनारियों की रैली 20 को :** सीहोर। भूतपूर्व सैनिकों उनकी विधवाओं एवं वीरनारियों के सम्मान में भूतपूर्व सैनिक रैली रविवार, 20 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 3 ई.एम.ई. सेन्टर स्थित जीत स्टेडियम बैरागढ, भोपाल में आयोजित की जा रही है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भोपाल ग्रुप केप्टन अभिताभ रावत ने बताया कि जिला भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, होशंगाबाद, गुना एवं राजगढ़ में निवासरत भूतपूर्व सैनिकों उनकी विधवाओं एवं वीरनारियों से समारोह में उपस्थित होने के लिए अपील की है। भूतपूर्व सैनिकों और विधवाओं से अपील है कि अपना पहचान पत्र या ईसीएचएस कार्ड साथ में अवश्य लाएं। कार्यक्रम स्थल तक पहुँचने के लिए वाहन की सुविधा के लिए भोपाल रेल्वे स्टेशन, रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन, बैरागढ़ रेल्वे स्टेशन, लालघाटी चौराहा, कोलार (डीमार्ट), नीलबढ़ (साक्षी ढाबा), बीएचईल के जम्बूरी मैदान, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भोपाल एवं उईएमई सेन्टर बैरागढ़, भोपाल के मुख्य द्वार पर उपलब्ध रहेगी। जिला रायसेन, सीहोर, विदिशा, होशंगाबाद, गुना एवं राजगढ़ में भी आवागमन के लिए सुविधा रहेगी। रैली स्थल पर स्वल्पहार एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर सीएसडी केन्टीन सामग्री की सुविधा, पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए अभिलेख कार्यालय तथा पीसीडीए प्रयाग राज के स्पर्श से संबंधित प्रतिनिधि उपलब्ध रहेंगें।

### स्थल चित्रण, क्ले मॉडलिंग, रंगोली, कोलाज, पोस्टर निर्माण जैसी कई स्पर्धाएं की गईं

# गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में 18 और 19 अक्टूबर 2024 को प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन की अध्यक्षता में दो दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**प्रथम दिवस स्पॉट पेंटिग :** स्थल चित्रण, क्ले मॉडलिंग, रंगोली, कोलाज, पोस्टर निर्माण, कार्टूनिंग तथा वाद-विवाद, वक्तृता, प्रश्न मंच विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्पॉट पेंटिंग में निशा कासदे प्रथमए दिशा मेवाड़ा द्वितीय, सपना विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में रेशम यादव प्रथम, टीना प्रजापति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज में वंदना राजगुरू प्रथम, शिवानी राठौर द्वितीय, राधिका कौशल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्टूनिंग में मेविश प्रथम, आशा द्वितीय, राधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद पक्ष में ऋचा शर्मा प्रथम, बबीता मेवाड़ा द्वितीय, सुषमा प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं वाद विवाद विपक्ष में आस्था दिनकर प्रथम, अनुष्का शर्मा द्वितीय, हिमांशी ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वक्तृता में अनुष्का शर्मा प्रथम, आस्था दिनकर द्वितीय, ऋचा शर्मा ने तृतीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नमंच में रितु, कनिष्का दांगी, ऋचा शर्मा ने प्रथम, सोनाक्षी, शिवानी मालवीय, प्रियंका वर्मा ने द्वितीय एवं कृतिका त्यागी ऋषिका त्यागी, आस्था दिनकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय दिवस संगीतिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल गायन सुगम में अरूणा बरेठा प्रथम, प्रीति मालवीय द्वितीय एवं शिवानी परमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में रितु टुंचा आदि छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ. कलिका डोलस,डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. जया शर्मा, डॉ. राजेश बकोरिया, लखन लाल कलेशरिया, उमेश भावसार, देव सिंह मालवीय, शिवम सक्सेना, अमिता बैरागी, प्रभा घूरे, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. मंगला रायबोले, डॉ. नाजिम हुसैन, प्रीति देशभ्रतार, सुरेन्द्र सोनी, रमाकांत रिछारिया, डॉ. भारती सक्सेना, बृजेश विश्वकर्मा, नूरजहॉ हाशमी, सतीश शर्मा, विशाल राय एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन राम विकास प्रजापति ने किया।





### सुमन ताम्रकार की स्मृति में 11 लाख रुपए समाज क़ो समर्पित


**सीहोर।** ताम्रकार कसेरा समाज की सामाजिक कार्यकर्ता सुमन ताम्रकार के असमयिक निधन पर उनके परिवार ने उनकी स्मृति क़ो चिर स्थायी बनाने के किए 11 लाख रुपए सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया साथ ही सामाजिक कुरीतियों क़ो समाप्त करने की पहलभी की। हैहय वंशीय क्षत्रिय ताम्रकार कसेरा समाज महिला संगठन मध्य प्रदेश की संरक्षक, समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण ताम्रकार की धर्मपत्नी सुमन ताम्रकार का 5 अक्टूबर क़ो असमायिक निधन हो गया जिनके त्रयोदशी संस्कार पर आयोजित शोक सभा मे ताम्रकार परिवार सीहोर ने अनुकरणीय पहल की। पगड़ी रस्म केवल मामा पक्ष की और साथ ही बीज मंत्र श्री दुर्गा सप्तशती अतिथियों को प्रदान की गई। परिवार ने सुमन ताम्रकार की स्मृति को चिर स्थाई बनाने के लिए 11 लख रुपए से एक ट्रस्ट बनाने का संकल्प लिया जिसमे 1 लाख रुपया सुमन ताम्रकार के भाई मनोहर लाल जसाठी जबलपुर जसाठी परिवार ने देने का संकल्प लिया। इस राशि मे से पांच लाख का मंदिर निर्माण किया जाएगा 5 लाख महिला सशक्तीकरण के लिए निश्चित रहेंगे एक लाख रुपया महेश्वर में 100 फीट भगवान राजराजेश्वर की बनने वाली प्रतिमा के लिए दिए जाएंगे। यह संकल्प राम नारायण ताम्रकार द्वारा लिया गया। शोक सभा को सीहोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदेश राय नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जसपाल अरोरा,महामंडलेश्वर अजय पुरोहित, समाजसेवी अखिलेश राय समाज के राष्ट्रीय संरक्षक आर बी प्रसाद देहली, राष्ट्रीय महासचिव विजय वर्मा हैहयवशी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भैयालाल ताम्रकार, मध्य प्रदेश ताम्रकार कसेरा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार रीवा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वरिष्ठ धर्मेंद्र पेगवार, इंदौर समाज के अध्यक्ष जगदीश ताम्रकार, राष्ट्रीय युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कृष्णकांत वर्मा, राष्ट्रीय युवा प्रकोष्ठ के महासचिव जबलपुर साकेत नंदा ताम्रकार इंजिनियर पूर्व अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण राजेंद्र ताम्रकार भोपाल, मंडी बोर्ड ए सी आर के ताम्रकार,सीहोर समाज के संरक्षक गोविन्द ताम्रकार उषा ताम्रकार, कीर्ति ताम्रकार ओम्कारेश्वर, दमोह से किशोरी लाल ताम्रकार एडवोकेट, जबलपुर से प्रदीप जसाठी, सहित अनेक वक्ताओ ने श्रद्धांजलि, श्रदा सुमन अर्पित किए।

## जिला अस्पताल की सीटी स्कैन ने जिस मरीज को बताया कैंसर, झालावाड़ की रिपोर्ट में आया नॉर्मल

# एक दिन में ही कैंसर हुआ काफूर! जिला अस्पताल और निजी सीटी स्कैन रिपोर्ट संदेह के घेरे में

### वास्को हेल्थकेयर की पूर्व में भी गलत रिपोर्ट जारी करने की मिल चुकी है शिकायत, सिविल सर्जन के आदेश के बाद भी धड़ल्ले से हो रही है सीटी स्कैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा-राजगढ़




एक मरीज की एक ही तरह की जांच रिपोर्ट का दो सीटी स्कैन सेंटर पर अलग अलग आना हर किसी को अचंभित करने के लिए काफी है और यदि मामला जिला अस्पताल से जुड़ा हुआ हो तो चिंताजनक भी। जी हां जिला अस्पताल राजगढ़ में निजी फर्म वास्कों हेल्थ केयर एवं सीटी स्कैन सेंटर द्वारा जीरापुर के पास के गांव ग्वाडी के रहने वाले वीरम सिंह की पेट की सीटी स्कैन में कैंसर का होना बताया गया और उसे उसी जांच के आधार पर दवाईयां भी शुरू करवा दी गईं। लेकिन जब पीड़ित ने झालावाड़ जाकर अपनी सीटी स्कैन करवाई तो वहां पर उसके पेट की रिपोर्ट नॉर्मल आई उसमें कैंसर के लक्षण नहीं पाए गए। ऐसे में पीड़ित और उसका परिवार मानसिक रूप से परेशान हो रहा है उसे समझ ही नही आ रहा की किस सीटी स्कैन सेंटर की रिपोर्ट को सच माना जाए। वहीं सिविल सर्जन द्वारा पिछले महीने ही डॉक्टर्स को आदेश जारी करते हुए बहुत आवश्यक होने पर ही सीटी स्कैन करवाने की बात कही गई थी। परंतु डॉक्टर्स ने सिविल सर्जन के आदेश को हवा में उड़ाते हुए अपनी मनमानी का परिचय दिया। जिस पर सिविल सर्जन ने चुप्पी साधी हुई है।

#### 6 महीने में ही कर दी दो बार सीटी स्कैन

पीड़ित वीरम सिंह ने बताया कि पिछले 6 महीनों में 2 बार जिला अस्पताल में ही सीटी स्कैन हो चुकी है। एक्सपर्ट का मानना है कि एक सीटी स्कैन में 100 एक्स-रे के बराबर रेडिएशन का खतरा रहता है। ऐसे में यदि किसी मरीज की 6 महीने में 2 बार सीटी स्कैन करवाना डॉक्टर की मंशा पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो राजगढ़ जिला अस्पताल के डॉक्टर्स वास्कों सीटी स्कैन को अतिरिक्त लाभ पहुंचाने में लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है की यदि जिला अस्पताल के सोनोग्राफी का पिछले महीनों का रिकॉर्ड खंगाला जाए तो आंकडा 1000 से 1200 औसतन निकलेगा। जो सीटी स्कैन मशीन की लोन की किश्त के साथ डॉक्टर्स के खर्चे भी निकालने में मददगार होता है।

#### राजगढ़ की वास्को एवं झालावाड़ की अन्नपूर्णा सीटी स्कैन की रिपोर्ट एक दम उलट

*राजगढ़ जिला अस्पताल में संचालित वास्को सीटी स्कैन द्वारा 15 अक्टूबर 24 को वीरम सिंह की पेट की सीटी स्कैन जारी करते हुए कैंसर होने की पुष्टि की गई। वहीं झालावाड़ के अन्नपूर्णा सीटी स्कैन द्वारा 16 अक्टूबर 24 को वीरम सिंह को जारी की गई पेट की रिपोर्ट में कैंसर की पुष्टि नहीं की गई। ऐसे में मरीज के साथ विडम्बना यह है कि वह किस रिपोर्ट को सही मानकर कैंसर माने या न माने। इस मामले को लेकर जब जिम्मेदारों से बात करना चाही तो कई बार प्रयास के बाद भी सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल ने निष्क्रियता का परिचय पूर्व की ही भांति दिया। वहीं सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा ने तुरंत ही दोनों जांच रिपोर्ट भेजने को कहा और भरोसा दिलाया की पीड़ित के साथ हमारी संवेदनाएं है मैं इस रिपोर्ट की जांच करवाती हूं।*

---

#### लीड महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर ज्ञापन

## अभाविप का आरोप, कॉलेज में पानी की टंकियों में तैर रहे कीड़े



**राजगढ़।** लीड महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गुरूवार दोपहर परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय में पानी की टंकी में कीड़े तैर रहे हैं, टंकियों में काई जमी हुई है। इन सब के प्रति कॉलेज प्रशासन मौन बना बैठा हुआ है। काफी समय तक की गई नारेबाजी के उपरान्त प्राचार्य गुप्ता को एबीवीपी सदस्यों ने अपना ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख था कि महाविद्यालय परिसर में असामाजिक तत्व घूमते रहते हैं उन पर सख्ती से रोक लगवाई जाए। महाविद्यालय में होने वाली खेल गतिविधियों की जानकारी सभी विद्यार्थियों को मिल सके इसके लिए वाट्सएप ग्रुप बनाकर जानकारी को सांझा किया जाए। कॉलेज परिसर में किसी भी कार्यक्रम, गतिविधि की पूर्व सूचना हर विद्यार्थी सूचना दी जानी चाहिए। सूचना पटल पर भी पूरी जानकारियां चस्पा नहीं की जा रही है। ऐसे विद्यार्थियों को मालूम ही नहीं हो पाता कि कॉलेज में कब क्या गतिविधि होनी है।

#### समस्याएं हल नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

प्राचार्य को सौंपे गए ज्ञापन में अभाविप पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो आगामी आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के अवसर पर अभाविप नगर सह मंत्री आनंद शर्मा, पूर्व नगर मंत्री मनीष राजपूत, गोविंद सिंह गुर्जर, आदित्य सिंह, अंकित बाथम, हरीश सेन, सुनील वर्मा सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

## आए दिन चोर कर रहे माल कटिंग पुलिस की गश्त पर उठ रहे सवाल

### व्यापारियों को माल बेचने और परिवहन में आ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर




अभी सोयाबीन का सीजन चरम पर है और किसानों व व्यापारियों को अपना माल बेचने के लिए उसका परिवहन छोटे बड़े लोडिंग वाहनों से करना पड़ता है पर आए दिन नगर से करीब 5 किलोमीटर दूर स्टेट हाईवे बकानी रोड पर उन चलते वाहनों से माल की कटिंग चोरी कर ली जाती है। उनमें से कुछ लोगों को तो अपने निर्धारित स्थल पर जाकर पता लगता है की हमारे माल की चोरी हो गई है। और कुछ को पता लग भी जाता तो वो यह सोचकर पुलिस के पास नही जाते की होना जाना तो कुछ है नही और अपने से ही सत्रह तरह के सवाल पूछेंगे और वो मन मारकर अपना नुकसान सह लेते है। पर कुछ लोग इन चारो पर कार्यवाही चाहते है क्योंकि उन्हें अपना व्यापार भी करना है जिसके लिए उन्हें हमेशा माल लेना और बेचना पड़ता है। फरियादी माचलपुर निवासी पवन अग्रवाल ने एक आवेदन थाना प्रभारी माचलपुर जितेन्द्र सिंह मवाई को दिया जिसमे उनके द्वारा बताया गया की मेरे द्वारा 60 बोरी धनिये की एक पिकप में रामगंज मण्डी राजस्थान के लिए भरी गई थी सुबह 5 बजे के लगभग पिकप ड्राइवर का मेरे पास फोन आया की अपनी गाड़ी में से किसी ने धनिए की 6बोरिया रस्सी काट कर उतार ली है हम वहा जाकर पता किया तो एक बोरी हमे पड़ी मिल है बाकी बोरिया चोर लेकर जा चुके थे अतः उचित कार्यवाही की जाए। अब नगर से करीब आए दिन इस तरह के चोरी की वारदाते होना पुलिस की हाईवे गस्त पर पृष्ठ चिन्ह खड़ा करती है।

#### जानकारी नहीं है

हमे कोई जानकारी नहीं है। मैं ग्वालियर छुट्टी पर हूं।

**जितेंद्र सिंह मवाई,**
थाना प्रभारी माचलपुर

#### आवेदन दिया था

मैने फरियादी के साथ जाकर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह मवाई को उचित कार्यवाही के लिए आवेदन दिया था।

**रामगोपाल खंडेलवाल**
पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा

---

#### कृषि उपज मंडी में नीलामी के माध्यम से अनुबंध पर्ची प्राप्त करके ही करें अपनी उपज की बिक्री

**गुना।** सचिव, कृषि उपज मंडी समिति ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में नीलामी के माध्यम से अनुबंध पर्ची प्राप्त कर ही विक्रय करें एवं मण्डी प्रांगण के बाहर सौदा पत्रक/ एमपी फार्मगेट के माध्यम से मंडी के लायसेंसधारी व्यापारी को ही विक्रय करें तथा अपनी उपज का भुगतान व्यापारी से उसी दिन प्राप्त करें। वर्तमान में ग्रामों से बगैर लायसेंसी व्यापारी किसानों को प्रलोभन देकर कृषक के घर से ही कृषि उपज की खरीद कर लेते हैं, जिससे कृषक को अपनी उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिलता है साथ ही कृषक को उपज का भुगतान प्राप्त होने में भी धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है। इसे दृष्टिगत रखते हुए कृषक भाईयों से अपील की गयी है कि वह किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचने के लिए किसी भी व्यक्ति या गैर लायसेंसधारी व्यापारी के बहकावे में न आएं और सुरक्षित रूप से अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में नीलामी के माध्यम से या मंडी प्रांगण के बाहर सौदा पत्रक के माध्यम से मंडी के लायसेंसधारी व्यापारी को विक्रय करें।

---

**महज 15 दिनों में मंडी की आमदनी हुई 32 लाख**

## खिलचीपुर मंडी में सोयाबीन की बंपर आवक, रोड पर घंटों लग रहा जाम

### मंडी प्रबंधन की अव्यवस्था के कारण बने जाम के हालात



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

छुट्टी के बाद खुली खिलचीपुर की कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की बंपर आवक हुई। हजारों किसान अपनी फसल को बेचने खिलचीपुर मंडी में आए। समीप स्थित राजस्थान की मंडियों में सोयाबीन का भाव कम होने के कारण अधिक से अधिक किसान खिलचीपुर मंडी में अच्छे दाम लेने आ रहे हैं। वाहनों की अधिक आवाजाही होने से रोड पर जाम के हालात बने हुए हैं। दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक रोड पर जाम लग रहा, चिल्ला चोट की स्थिति बनी पुलिस ने आकर बड़ी मुश्किल जाम खुलवाया।

#### मंडी परिसर में नहीं पुलिस बल का इंतजाम

सोयाबीन की बंपर आवक तथा राजस्थान स्थित मंडियों में सोयाबीन का उचित दाम नहीं मिलने से खिलचीपुर मंडी में किसान अपनी सोयाबीन बेचने अधिक से अधिक संख्या में आ रहे हैं,। वहीं प्रशासन की ओर से मंडी प्रांगण में पुलिस बल की अनुपस्थिति से भी जाम के हालात बने हुए यदि पुलिस बल तैनात रहे तो मनमाने ढंग से इधर-उधर वाहन चालक वाहन नहीं निकालेंगे जिससे जाम के हालात सुधरेंगे।

#### कैंटीन में मौजूद नहीं किसानों को सब्जी पूरी की व्यवस्था

मध्य प्रदेश शासन द्वारा दूर दराज से आये किसानों को मंडी प्रांगण में भोजन व्यवस्था की योजना चला रखी है, लेकिन मंडी सचिव की उचित निगरानी नहीं होने से किसानों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वही कैंटीन संचालक पोया ,जलेबी, भजिया, चाय बेचकर अपनी जेब भरने में लगा हुआ है।

#### इनका कहना है...

हम हमारी ओर से व्यवस्था कर ही रहे हैं। कोई कमी रही तो पूरी करेंगे, पुलिस बल की आवश्यकता है।

**गोवर्धन लाल दांगी**
सचिव कृषि उपज मंडी खिलचीपुर।

---

## मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जिले में विकासखंड सारंगपुर के ग्राम दुगिया एवं ग्राम पठारी जागीर में डेंगू एवं चिकनगुनिया के केस प्रकाशन में आए हैं। उक्त दोनों ग्रामों में स्वास्थ्य अमला निरंतर कार्यरत हैं।

ग्राम दुगिया में 3 डेंगू पॉजीटिव केस आए हैं एवं ग्राम पठारीजागीर में 6 चिकनगुनिया पॉजीटिव मरीज प्राप्त हुए हैं। समस्त ग्रामों में लार्वा सर्वे, लार्वा विनिष्टीकरण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के द्वारा क्षेत्र के समस्त ग्रामों में समस्त आशाकार्यकर्ताध्आंनगवाड़ी कार्यकर्ताध्रोजगारसहायकध्पंचायत सचिवध्राजस्व अमले एवं अन्य विभागीय अमले को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही विकासखंड सारंगपुर के साथ ही राजगढ़ शहरी क्षेत्र तथा खिलचीपुर ब्लॉक के कुछ ग्रामों में डेंगू पॉजीटिव प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं। अतः मच्छर जनित बीमारियों के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जनभागीदारी आवश्यक हैं।



जैसा डेंगू, चिकनगुनिया का मच्छर साफ पानी में पनपता है। साफ पानी में अंडे देता है एवं साफ पानी में लार्वा उत्पन्न होकर 07-09 दिन में मच्छर बन जाता है। समस्त जिले वासियों ग्राम वासियों से अनुरोध है कि अपने अपने घरों के अंदर कोई भी पात्र खुला न रखे, ढंक कर रखे। जिससे कि उसमें मच्छर प्रवेश न करें एवं डेंगू, चिकनगुनिया बीमारी का प्रसार हो रहा है उसे नियंत्रण में रखा जा सके।

ग्राम दुगिया में शुक्रवार को जिला स्तरीय स्वास्थ्य दल जिसमें जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्र पालन सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री महेश साहू, जिला कम्यूनिटी मोबिलाईजर श्री सुनील वर्मा, श्री ऋषि विजयवर्गीय नर्सिंग होम शाखा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा लोकल स्वास्थ्य अमले के साथ घर घर जाकर लार्वा सर्वे, लावा विनिष्टिकरण, बुखार सर्वे कर आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई।

---

#### वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभायात्रा

कुरवाई। नगर में वाल्मीकि जयंती पर बाल्मीकि समाज द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शीतला माता मंदिर से विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत प्रारंभ होकर नगर के पुराना थाना, ब्राह्मण मोहल्ला, बस स्टैंड, मालीपुर तिराहा, बाल्मीकि मोहल्ला, मुख्य बाजार, मुरलीधर मंदिर होते हुए शीतला माता मंदिर पर प्रसादी वितरण के साथ समाप्त हुई। शोभा यात्रा में सम्मिलित लोगों का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में गुरु संरक्षक राम सेवक वाल्मीकि, वाल्मीकि समाज अध्यक्ष संदीप वाल्मीकि, शिवचरण सचिन विजय, फूलचंद, दिलीप, जितेंद्र, विष्णु, अरविंद, शैलेंद्र आदि एवं समाज की महिलाएं बच्चे बच्चियां शामिल थे।

---

#### सांडों के लड़ने पर बचते-बचाते निकल रहे लोग

## राजगढ़ के मेन मार्केट की सड़कों पर आवारा सांडों से बना खतरा

**राजगढ़।** मुख्यालय के मेन मार्केट में इन दिनों आवारा सांडों के यहां-वहां घूमने से आमजनों को खतरा बना हुआ है। ये आवारा मवेशी सहित सांड मेन रोड पर ही लड़ते देखे जा रहे हैं। शहर के बाषिंदे इन सांडों से जैसे-तैसे बचते बचाते निकलने को मजबूर हैं।

दरअसल, प्रषासन एवं नगर पालिका द्वारा द्वारा खुले में घूमते इन मवेषियों के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। ऐसे में मेन रोड पर यह खतरा बना हुआ है। स्थानीय बस स्टैंड के आसपास घूमता एक सांड तो पागल बताया जा रहा है।

इस सांड ने पिछले दिनों कुछ लोगों पर हमले का प्रयास भी किया। लोग जैसे-तैसे बचते-बचाते निकले। अगर इन सांडों को शहर की सड़कों से दूर करने प्रशासन और नपा ने कोई स्थाई इंतेजाम नहीं किया तो भविष्य में जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

---

#### इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



ब्यावरा। शहर के स्थानीय इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा के छात्र खुशदेव दांगी का राज्य स्तरीय अंडर 14 कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है जो कि विद्यार्थी शनिवार से रीवा जिले में होने जा रही 5 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होकर भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेगा। इस मौके पर संस्था संचालक हरिओम दांगी ,सहप्राचार्य चेनसिंह जाटव, कोच ओविश सर एवं शिक्षक रोहित सर, अरुण सर, सुमन सर, वीरेंद्र सर ,राहुल सर, संजय सर , सुनीता मेम, रोशनी मेम, प्रीति मेम, अर्पिता मेम, अनीता मेम, राखी मेम, पूजा मेम, वंदना मेम, द्रोपति मेम, दिव्यांशी मेम एवं रवीना मेम ने छात्र की इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दीं , साथ ही आगे के मैच के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

---

#### सोयाबीन का समर्थन मूल्य बढ़ाने सहित पंचायतों के अधिकारों लेकर प्रदर्शन किया

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने कई स्थानों पर किए चक्काजाम

**जाम से वाहन चालकों को हुई परेशानी, अधिकारियों ने खुलवाए जाम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़-ब्यावरा



सोयाबीन का समर्थन मूल्य बढ़ाने सहित किसानों की अनेकों मांगों एवं समस्याओं, पंचायतों के अधिकारों को बहाल करने सहित अन्य मांगों को लेकर कांग्रेसजनों द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों, हाईवे, आंतरिक मार्गों पर चक्काजाम किया गया। कईं जगहों पर किए गए इस चक्काजाम एवं प्रदर्षन के कारण वाहन चालकों, यात्रियों को खासी परेषानियों का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी, प्रशासनिक अमला तुरंत मौके पर पहुंच गया और प्रदर्षनकारियों को पहले समझाइश दी। इसके बाद भी जब वे नहीं माने तो गिरफ्तार कर लिया गया। राजगढ़ में खुजनेर रोड पर बरखेड़ा की पुलिया के समीप पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में चक्काजाम किया गया था। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीओपी दिनेष शर्मा, टीआई वीर सिंह ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और चक्काजाम खत्म करवाया। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसडीएम रत्नेष श्रीवास्तव को इंकाजनों द्वारा राज्यपाल के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

#### पूर्व विधायक बोले शासन किसानों की मांग पूरी नहीं कर पा रहा

चक्काजाम के दौरान पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने कहा कि किसानों की प्रमुख मांग है कि सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार कर दिया जाए। प्रदेश के किसानों की इस मांग को भी शासन पूरी नहीं कर पा रहा है। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जब से भाजपा सत्ता में आई है प्रजातांत्रिक व्यवस्थाएं समाप्त होकर तानाशाही



शुरू हो गई है। निर्वाचित संस्थाएं ग्राम पंचायतों के अधिकारों में कटौती कर रही हैं। यह सरासर प्रजातंत्र का अपमान है। पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की जो अवधारणा स्थापित की थी उसका मूल उद्धेष्य पंचायतों के हर व्यक्ति को समुचित न्याय प्रदान करना था। लेकिन, भाजपा शासन में ग्राम स्वराज की अवधारणा सिर्फ अवधारणा ही बनकर रह गई है। उस पर शासन तनिक भी ध्यान नहीं दे रहा है।

#### पंचायती राज सरपंच संघ के समर्थन में उतरे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने नेशनल हाईवे 46 को किया जाम

नरसिंहगढ़ के तिनदोनिया जामुनिया गणेश पुलिया पर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंहकांग्रेस के संयुक्त पंचायती राज धरना प्रदर्शन में अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए और गरीब शोषित मजदूर किसान सभी लोगों का मुद्दा उठाया। ताकि किसानों को समय पर मुआवजा मिल सके और मजदूरों और बेरोजगारों को सरकार के द्वारा सहायता मिल सके। इस संयुक्त धरना प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी राजगढ़ जिले के सभी कार्यकर्ता और राजगढ़ कांग्रेस के सभी नेता गण मौजूद रहे और सभी लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए मुद्दे उठाये साथ ही यह धरना प्रदर्शन सरपंचों जनपद अध्यक्षों जनपद सदस्यों ऐसे सभी जनप्रतिनिधियों के पक्ष में चला इसके चलते 2 घंटे तक नैशनल हाइवे 46 भोपाल ब्यावरा हाईवे पूरी तरह से बंद रहा नेशनल हाईवे जाम करने पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह राज्यसभा सांसद के समर्थन में किसान भाई जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य मजदूर वर्ग के हितों में सिंह ने योजनाओं का लाभ न देना किसानों का फसल बीमा योजना के संबंध में पंचायत सरपंचों के अधिकारों का हनन करने के संबंध में सरकार को घेरते हुए अपना उत्बोधन दिया। पंचायती राज सरपंच संघ के समर्थन में पूरे मध्य प्रदेश में हाहाकार मचा है और मैं इस समर्थन का स्पोर्ट करता हूं भाजपा सरकार जो की भ्रष्ट सरकार योजनाओं का लाभ योजनाओं का बखान तो करती है लेकिन गरीब मजदूर किसानों को उचित मूल्य रोजगार नहीं दे पा रही है उनके वादे तो बड़े-बड़े होते हैं लेकिन जमीन पर सारे खोखले नजर आ रहे हैं मेरे कार्यकाल में मैंने सभी का हित किया योजनाओं का लाभ दिया कोई भी वर्ग परेशान नहीं हुआ आज बढ़ती महंगाई बेरोजगारी विद्युत विभाग के लापरवाही से आम जनता त्रस्त है परेशान है जिसको लेकर राजगढ़ जिले में नेशनल हाईवे को हमने जाम किया और भाजपा के राज्य सरकार व केंद्र सरकार को चेतावनी दी नही तो करेंगे उग्र आंदोलन।

**खबर संक्षेप**

### तीन दिवसीय युवा उत्सव की हुई शुरुआत



**आष्टा।** शहर के कन्नौद रोड स्थित शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य, सहित छात्र-छात्राएं शामिल हुए। युवा उत्सव के प्रथम दिन वक्तृता, वाद विवाद, शास्त्रीय एकल गायन व शास्त्रीय एकल वादन प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। वक्ता का विषय था ''डिजीटल इंडिया'' इस विषय पर विद्यार्थियों ने डिजिटल इंडिया के बारे में जानकारियां साझा की और इससे होने वाले लाभों का भी वर्णन किया। वाद-विवाद का विषय नई शिक्षा नीति 2020 या नई शिक्षा नीति के पक्ष और विपक्ष में छात्र और छात्राओं ने अपना पक्ष रखा। कार्यक्रम के आरंभ में प्रभारी प्राचाय ने विद्यार्थियों को इस 3 दिवसीय उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.ललिता राय ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्याथीर् 11, 12 एवं 13 नवम्बर को अन्तर महाविद्यालय जिला स्तर पर भाग लेंगे। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों 5, 6 और 7 दिसम्बर को अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर पर भाग लेंगे। विश्वविद्यालय स्तर चयनित विद्यार्थी 18, 19 और 20 दिसंबर को अंतर विश्वविद्यालय राज्य स्तर पर भाग लेंगे। कार्यक्रम में डॉ.अबेका खरे, जगदीश नागले व महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। युवा उत्सव को लेरक छात्र और छात्राओं में भी बहुत उत्साह देखा गया।

### आष्टा नगर फिर अतिक्रमण की चपेट में, नगर पालिका नहीं दे रही ध्यान

# सिविल अस्पताल और कन्नौद रोड पर अतिक्रमण, पैदल निकलना मुश्किल

अस्पताल के आसपास अतिक्रमण होने से मरीज और परिजनों को आए दिन होती है परेशानी, जाम में फसती है एंबुलेंस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर में धीरे-धीरे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है इसके चलते अब लोगों का शहर के सड़कों पर वाहन चलाना किसी परेशानी से कम नहीं तो वही पैदल चलने वाले भी परेशानी उठा रहे हैं। अभी तक प्रशासन और ना ही नगरपालिका ने इस और ध्यान दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी सिविल अस्पताल के सामने, कन्नौद रोड सहित कई मार्गों पर नागरिकों को उठाना पड़ती है।

### सिविल अस्पताल चौराहा बना परेशानी

शहर के सिविल अस्पताल चौराहा गेट पर पहले एंबुलेंस सहित अन्य वाहन आसानी से सिविल अस्पताल में प्रवेश कर जाते थे। लेकिन अब अस्पताल में जाना परेशानी का सबब बन गया है। अस्पताल के गेट के सामने दर्जनों ठेले खड़े रहते हैं। कई बार इन ठेले के कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है।

### स्टैंड पर बसों को खड़ी करने में परेशानी

शहर के बस स्टैंड के भी इन दिनों हाल बेहाल हैं। स्टैंड के दुकानदारों ने अतिक्रमण की हद ही पार कर बरामदे में कब्जे कर लिया है। दो पहिया वाहन चालकों को दुकानदार अपने सामने वाहन खड़ा करने नहीं देते।

### कन्नौद रोड पर वाहन चलाना मुश्किल

कन्नौद रोड शहर का धीरे-धीरे हृदय स्थल होता जा रहा है। यह मार्ग आगरा-मुंबई से खंडवा को जोड़ता है। इस कारण इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। कन्नौद मार्ग पर सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने बेतहाशा अतिक्रमण कर लिया। यहां ट्रैक्टर-ट्राली भी सड़क पर खड़े रहते हैं। इस मार्ग पर भोपाल नाका से मंडी गेट तक आए दिन जाम लगता रहता है।



### शहर के अन्य मार्गों पर भी यही हाल

शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, परदेसी पुरा, बुधवारा, बड़ा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, अलीपुर, इंदौर नाका, भोपाल नाका सहित कई चौराहे अतिक्रमण की चपेट में है। शहर के शैलेश शर्मा, फूलचंद टेलर ने बताया है कि अतिक्रमण के कारण वाहन चलाना परेशानियों का कारण बन गया है। स्थानीय प्रशासन नगर पालिका को अतिक्रमण मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाना चाहिए ताकि नागरिकों को परेशानी न हो।



**नपा फिर से करेगी कार्रवाई**

समय-समय पर अतिक्रमण मुहिम चलाई जाती है, पिछले महीने में भी कई स्थानों पर अतिक्रमण मुहिम चलाई गई थी। अगर अतिक्रमण हो रहा है तो नगर पालिका फिर से कार्रवाई करेंगी।

**राजेश सक्सेना,** सीएमओ नपा आष्टा

# पार्वती पुल के आगे मार्ग में बाधक बनी नपा की 12 दुकानें तोड़ी

**दुकानदारों को किया जाएगा विस्थापित**



**आष्टा।** नपा अमले ने दुकानों को जेसीबी से किया जमीदोज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में लगभग 11 करोड़ की लागत से पार्वती नदी पर बने नए पुल से आगे निकले मार्ग पर जो पुराना बस स्टैंड से भोपाल नाके की ओर जाता है पर फायर ब्रिगेड के सामने बनी नगर पालिका की 12 दुकाने बाधक बनी हुई थी। जिसको लेकर नागरिकों ने प्रशासन के समक्ष मांग उठाई थी की पार्वती नदी पर बने पुल से जो रास्ता बस स्टैंड की ओर जा रहा है उसे टेढ़ा-मेढ़ा न कर दुकान हटाकर सीधा किया जाए ।

जिसको लेकर नगर पालिका ने भी शासन प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद की बैठक में एक प्रस्ताव रखा तथा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित होने के बाद एवं सभी दुकानदारों से नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,सीएमओ राजेश सक्सेना ने चर्चा कर उनेह विश्वास में ले कर उनकी सहमति के बाद आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना की उपस्थिति में नगर पालिका की जेसीबी द्वारा बाधक बनी सभी 12 दुकानों को जमीनदोज कर दिया गया ।

### मार्ग होगा चौड़ा

स्मरण रहे 2 दिन पूर्व इसी मार्ग में पुराना बस स्टैंड पर बरसों पूर्व बना पार्क भी बाधक बना हुआ था जिसे भी पूरी तरह से हटा दिया गया है । इन दोनों बाधक बने स्थलों को हटा कर समतल करने से निश्चित रूप से उक्त मार्ग काफी चौड़ा हो जाएगा । वहीं यातायात की बिगड़ी व्यवस्था में भी काफी सुधार होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने बताया कि जिन 12 दुकानदारों को यहां से हटाया गया है उन्हें स्थापित भी किया गया है । उन सभी 12 लोगो को गांधी पार्क के पिछले हिस्से में 10 गुणा 12 का स्थान दिया है । जिस पर वे स्वयं अपने खर्चे से दुकानों का निर्माण करेंगे तथा निर्माण राशि जो निश्चित की जायेगी उक्त राशि किराए में बराबर की जाएगी ।

### इंदौर-भोपाल हाईवे पर कंटेनर पलटा, क्षतिग्रस्त हुआ वाहन

**आष्टा।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर कंटेनर पलट गया। दुर्घटना में वाहन आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में हुआ। कंटेनर में सवार ड्राइवर बाल-बाल बचा, वह सुरक्षित है। शनिवार सुबह कंटेनर को हाइड्रोलिक की मदद से निकाला गया। घटना शुक्रवार सुबह के समय की है। ग्राम खोकरी से आगे उतपुरा जोड़ के पास इंदौर-भोपाल हाईवे रोड पर एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। कंटेनर इंदौर से भोपाल की ओर जा रहा था। तभी उतपुरा जोड़ पर अचानक वाहन ने कट मार दिया। उस वाहन को बचाने की वजह से कंटेनर सड़क से नीचे हो गया और वह सड़क के नीचे ही जा गिरा। स्थानी लोगों और ड्राइवर ने बताया कि सुबह के समय कंटेनर इंदौर से भोपाल तरफ जा रहा था। उसमें सीमेंट भरा हुआ था। घटना में अनियंत्रित होकर पलटी खाकर गिरा कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गया।



# असिस्टेंट प्रोफेसर का विद्यार्थियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राजश्री कॉलेज ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें असिस्टेंट प्रोफेसर महेश ठाकुर का स्वच्छता निरीक्षक पद पर चयनित हुए उनका स्वागत किया गया। राजश्री महाविद्यालय संचालक द्वारा पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर महेश ठाकुर जिन्होंने राजश्री महाविद्यालय में विगत कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दी का स्वागत पुष्पमाला व साफा बांधकर किया गया। जिन्होंने महाविद्यालय में अपनी सेवाएं देते हुए मेहनत और लगन से पढ़ाई कर स्वच्छता निरीक्षक पद के लिए चयनित हुए हैं। महेश ठाकुर का चयन होने पर महाविद्यालय स्टाफ, पालक व विद्यार्थियों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी गई। बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से महाविद्यालय संचालक बीएस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, राहुल सेन, प्रहलाद मेवाड़ा, सविता बैरागी, रामवती मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, द्वारका प्रसाद करमोदिया, पूजा मेवाड़ा, भैया लाल वर्म, पूजा परमार, अखिलेश सक्सेना, माया मेवाड़ा, रविंद्र प्रजापति, ममता तिवारी, कविता भूतिया, हिमांशी झवर, पवन जाट, रंजना परमार, बहादुर सिंह, रवि मेवाड़ा, अरविंद यादव, रीना यादव व शिवराम परमार उपस्थित रहे।

# स्वर्णकार समाज ने मनाई आराध्य महाराज अजमीढ़ की जयंती, निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सोनी समाज के आराध्य देव अजमीढ़ महाराज की जयंती आष्टा नगर में बड़ी धूमधाम से मनाई गई स्वर्णकार युवा संगठन के अध्यक्ष गोविंद सोनी गोल्डी ने बताया कि आज हमारे आराध्य देव श्री अजमीढ़ महाराज की जयंती युवा संगठन के नेतृत्व में मनाई जा रही है जिसमें 16 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 17 अक्टूबर को मानस भवन से शोभायात्रा प्रारंभ हुई बुधवारा, बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार से होते हुए मानस भवन पहुंचे। जहां आराध्य देव की भव्य आरती की गई।

बाहर से पधारे अतिथियों का स्वागत समाज अध्यक्ष राधे श्याम सोनी नयनतारा, धर्मशाला समिति अध्यक्ष दिनेश सोनी साडलीवाल, युवा संगठन अध्यक्ष गोविंद सोनी गोल्डी, महिला अध्यक्ष रानी सोनी, युवा महिला अध्यक्ष ज्योति सोनी ने केसरिया दुपट्टा व प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। साथ ही सामाजिक बंधुओ सहभोज कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। जुलूस का स्वागत जगह-जगह पर किया गया। वहीं शाम को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी, विशेष अतिथि स्वर्ण कला बोर्ड के अध्यक्ष दुर्गेश सोनी और अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, समाज के वरिष्ठ लक्ष्मी नारायण सोनी के अतिथि में संपन्न हुआ। अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन गणेश सोनी, गोलू जयप्रकाश सोनी, राम सोनी ने किया। इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष रवि सोनी, कैलाश सोनी पांचम, दिनेश सोनी, सड़लीवाल, बाबू लाल सोनी, सचिव गोविंद सोनी जोहरी पैलेस, जितेंद्र सोनी, रजत डॉक्टर, जीडी सोनी, द्वारका सोनी, राजहंस, मनोज सोनी काका, आशीष सोनी, मनोज सोनी जावर, राकेश सोनी बागरे, गिरिराज सोनी पटेल, राजकुमार सोनी होटल वाले, विजय सोनी पांचम, दिव्यांशु सोनी, शुभम सोनी, नवीन सोनी पत्रकार, योगेश सोनी, सतीश सोनी, डॉ कुलदीप सोनी, नितिन सोनी, अजंता चिराग सोनी, शैलेंद्र सोनी दिगौड़ा, मुकेश सोनी, मुन्ना भैया, हंसू सोनी, सुनील सोनी, सोनू, योगेश सोनी सांवेर, राम सोनी, नीतेश सोनी, कालू आदि युवा संगठन एवं समाज बंधु उपस्थित रहे।

### शरद पूर्णिमा पर आचार्य विद्यासागर व नवाचार्य समय सागर का मनाया अवतरण दिवस

# कुछ ऐसे लोग रहते हैं, जिनका सानिध्य हमें तार देता है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इस संसार में कुछ ही लोग ऐसे होते हैं जिनका सानिध्य प्राप्त हो जाए तो हटने का मन नहीं होता है और अपना कल्याण निश्चित होगा। सौभाग्यशाली हैं कि एक नहीं दो महान विभूतियों का सानिध्य प्राप्त हुआ। शरद पूर्णिमा के अवसर पर आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज का अवतरण दिवस मनाया गया। करीब 78 साल पहले इन दो महान व्यक्ति का जन्म हुआ था।

जन्म परिचय, व्यक्तित्व साहित्य एवं जन कल्याणकारी मार्गदर्शन जिनका व्यक्तित्व तप, संयम और त्याग सागर जितना विराट है, विशाल है। उनके बारे में लिखते- लिखते कलम थक जाए ,उनके गुण इतने अनगिनत है कि गुणगान करते-करते थक जाएं। उनके नाम के साथ जुड़ने वाली उपलब्धियां इतनी है उनको लिखते -लिखते ही एक बड़ा लेख बन जाए।हम बात कर रहे हैं इस धरती के चलते फिरते देवता, अनासक्त योगी, अपराजेय साधक संत शिरोमणि आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज के बारे में। साक्षात तीर्थंकर भगवान जैसे प्रखर तपस्वी महामनीषी, युग दृष्टा ,युग प्रवर्तक, कठोर साधक, श्रमण संस्कृति के उन्नायक, श्रेष्ठ चर्या पालक ,राष्ट्रीय चिंतक, समाधि सम्राट, राष्ट्रसंत और भी न जाने कितनी उपाधियां और गुण विशेषण उनके नाम के साथ लगाए जाते हैं। ऐसे गुणों के महासागर जैसा उनका जीवन चरित्र है। आपने मूकमाटी, महाकाव्य,काव्य संग्रह, हिंदी - संस्कृत शतक संग्रह,आगनिक ग्रंथों के पद्यानुवाद संग्रह, प्रवचन संग्रह,स्फुट रचनाएं। इंडिया नहीं भारत बोलो, शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी नहीं भारतीय भाषा हो, राष्ट्रभाषा हिन्दी को सम्मान मिले, भारतीय शिक्षा पद्धति लागू हो, गौशाला और कृषि को बढ़ावा देने मांस निर्यात देश पर कलंक के समान, स्वरोजगार को बढ़ावा देने, प्रतिभा पलायन को रोकने को कहा।

मुनिश्री निष्कंप सागर महाराज ने दोनों आचार्य भगवंतों के अवतरण दिवस पर विशेष लेख लिखा है। मुनिश्री निष्कंप सागर महाराज ने अपने लेख में बताया कि कर्नाटक राज्य के बेलगांव जिला में सहलगा गांव के पास चिक्कोड़ी नामक गांव के श्री मल्लपा अष्टगे, श्रीमंती अष्टगे के घर में 10 अक्टूबर 1946 शरद पूर्णिमा के पावन दिन शिशु के रूप में शरद पूर्णिमा के चांद का जन्म हुआ था। उनका नाम विद्याधर रखा था। इसी प्रकार दूसरे चांद का 26 अक्टूबर 1958 को जन्म हुआ और शांतिनाथ नाम रखा। एक ने धर्म को श्रमण कर धर्म को नहीं पहचान दी वह हमारा समाधि सम्राट आचार्य विद्यासागर महाराज के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्ध एवं जाने माने गए। दूसरे उनके ही परंपराचार्य उत्तराधिकारी प्रथम शिष्य आचार्य समय सागर महाराज के नाम से जाने जा रहे हैं। आपके माता-पिता ने दीक्षा ली और मुनि मल्ली सागर एवं आर्यिका समयमति माताजी के रूप में समाधि ली।सन 1967 में आचार्य देशभूषण महाराज से ब्रह्मचर्य दीक्षा ली और 30 जून 1968 को अजमेर राजस्थान में मुनि दीक्षा आचार्य ज्ञानसागर महाराज से ली तथा 22 नवंबर 1972 को नसीराबाद अजमेर में आचार्य पद मिला।

### बचपन से ही धर्म के संस्कार मिले

बाल्यावस्था से ही परिवार में धर्म के संस्कार प्राप्त होते रहे।कहावत भी है पूत के लचछन पालने में नजर आते हैं। साधु- संतों की संगति में परिवार सदा आगे रहा।उसी का परिणाम यह रहा कि विद्याधर के साथ-साथ उनका सारा परिवार के मोक्ष गामी चरण इस पद पर चले यह बहुत दुर्लभ होता है। आचार्य विद्यासागर महाराज की मातृभाषा कन्नड़ थी। पढ़ाई में काफी मेधावी थे। कक्षा 9 वीं तक लौकिक शिक्षा प्राप्त की। लौकिक शिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करना बहुत सरल था। गणित सूत्र और भूगोल के नक्शे आदि कार्य को बड़ी मेहनत और लगन से करते थे। शतरंज खेलना, शहीद महापुरुषों के फोटो बनाना, गिल्ली-डंडा सहित अनेक रुचियां थी। लेकिन आपका झुकाव धार्मिक मार्ग पर अधिक था।

### बाल्यावस्था में वैराग्य भाव

कहा जाता है कि भव्य आत्माओं के कुछ चिंह बचपन में ही दिखाई दे जाते हैं। सामान्य बच्चों से अलग अनेक तरह के विशेष गुण रखते थे। बाल्यावस्था से ही शुद्ध और सात्विक भोजन करते थे। मंदिर व भगवान के प्रति अटूट आस्था थी। आपने 9 वर्ष की आयु में जब आचार्य शांति सागर महाराज के प्रवचन सुने तो उनके हृदय में वैराग्य की लहरें उठने लगी। धर्म और आत्म तत्व के प्रति जिज्ञासा बढने लगी ,उम्र के साथ वैराग्य भी बढ़ने लगा।

### गृह त्याग और ब्रह्मचर्य व्रत

हृदय में जब वैराग्य का भाव बढ़ने लगता है, भला कौन उसे रोक सकता है। आपने 20 वर्ष की आयु में हमेशा के लिए घर का त्याग कर दिया। आध्यात्म की खोज में जयपुर आ गए और 1967 में आपने आचार्य देशभूषण महाराज से आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत और सात प्रतिमा के व्रत लिए। ब्रह्मचारी विद्याधरजी की ज्ञान पिपासा आपको साहित्य मनीषी, महाकवि, तपोनिधि आचार्य प्रवर शांति सागर महाराज के पास तक खींच लाई। गुरु किसी को शिष्य बनाने के पहले परीक्षा लेते हैं और विद्याधरजी की भी परीक्षा ली तो वह पास हो गए। अनेक गूढ़ ग्रन्थों के रहस्यों को समझाया गया। वही ज्ञान उनके चरित्र में उतरता भी गया। आपकी योग्यता और प्रखर प्रतिभा ने आपके गुरु को इतना अधिक प्रभावित किया कि उन्होंने आपको सीधी मुनि दीक्षा देने का निश्चय किया। आपसे पहले कोई भी युवा अवस्था में सीधी मुनि दीक्षा नहीं ली। पारखी ज्ञानसागर महाराज ने अपने ज्योतिष निमित्त ज्ञान से समझ गए कि यही वह देदिव्यमान नक्षत्र है जो श्रमण धर्म संस्कृति को सुरक्षित व जीवित करेगा। भगवान महावीर स्वामी,कुंद - कुंद के मार्ग को सुरक्षित करेगा। आपकी चर्या में चतुर्थ कालीन मुनि चर्या के दर्शन होते हैं। आपके द्वारा रचित सर्वाधिक चर्चित और प्रसिद्ध मूकमाटी महाकाव्य ने साहित्य जगत में धूम मचा दी। अनेक विद्वानों ने मूकमाटी महाकाव्य पर डी लीट, एम फिल शोध प्रबंध रिसर्च पेपर लिख चुके हैं। आपने जहां एक और अपनी आत्मा के कल्याण के लिए युवावस्था में संयम पद पर अपने कदम बढ़ा दिए पर कल्याण की भावना से अन्य भव्य जनों को भी मोक्ष मार्ग के पथ पर अग्रसर किया। आप ऐसे युग दृष्टा, महापुरुष, संस्कृति के रक्षक,राष्ट्रप्रेमी, राष्ट्र चिंतक महान संत थे। आपने धर्म के साथ देश के लिए भी सराहनीय भूमिका रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आपकी समाधि पर कहा था कि इस देश को मार्गदर्शन करने वाला चला गया, में अब किससे मार्गदर्शन लूंगा।

# स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल में 19 अक्टूबर को प्रायमरी विंग फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें कक्षा-1ली से अदिति परमार प्रथम, रोशन कुशवाह द्वितीय, नीसाद मेव तृतीय रहे। तथा कक्षा-2री से कनक वर्मा प्रथम, आराध्या पंवार द्वितीय, मितुल वर्मा तृतीय रहे। प्रतियोगिता में बच्चो के द्वारा विभिन्न तरह की वेशभूषा में हिस्सा लिया गया।

जिसमें बच्चों ने पुलिस जवान, फौजी जवान, डॉक्टर, शिक्षक, स्वतंत्रता सैनानी, नेता, पुजारी, मौलवी, राधा कृष्ण, परी, राजकुमारी, राजा, किसान आदि वेषभूषा पहन कर सभी का मनमोह लिया। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, जितेन्द्र पोरवाल, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, ईषा जैन, इतिका चौहान प्रियंका सारसिया, पायल ठाकुर, अवनि जैन, पूजा ठाकुर आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।